FOR INTERNAL CIRCULATION ONLY. NOT FOR SALE

indoMA sandesh

indoMA

AN INDOMA INDUSTRIES COMMUNICATION INITIATIVE

OCTOBER 2008 | VOL. 1 NO. 1

Rajesh Gupta, MD, Indoma Industries

न्यूज लेटर निकालने की आवश्यकता

प्रकाशन शक्ति सबसे सफल अभिव्यक्ति है। अपनी बात को जन सामान्य तक पहुँचाने और जन सामान्य की भावनाओं से अवगत होने का यह सबसे सशक्त माध्यम है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए हमने प्रतिमाह न्यूज लेटर निकालने का निर्णय लिया है। जिससे हम अपने से जुड़े डीलरों और उपभोक्ताओं से और अच्छे ढंग से जुड़ सकें, उनकी समस्याओं को सुन सकें और उनका समाधान कर सकें।

जैसा कि सर्वविदित है इण्डोमा इन्डस्ट्रीज नई दिल्ली का, पम्प निर्माण के क्षेत्र में अग्रणीय स्थान है। अपनी उत्कृष्ट क्वालिटी और उच्च तकनीक के बल पर आज हमने वह स्थान हासिल कर लिया है जहाँ पहुँचने की किसी भी अन्य उत्पादक की इच्छा होती है। यह हमारी उच्च क्वालिटी का ही परिणाम है कि बाजार में हमारे उत्पादों के बहुत से क्लोन (हमशक्ल) आए लेकिन वह हमारे उत्पादों से दूर-दूर तक कोई प्रतिस्पर्धा नहीं कर सके।

इस न्यूज लेटर का प्रथम अंक आपके हाथों में है। हमें आशा है कि आप हमारे उत्पादों से संबंधित अपने विचारों और समस्याओं से हमें अवगत कराएंगे जिससे हम उनका अच्छे ढंग से समाधान कर सकें। ■

कंपनी प्रोफाइल

इण्डोमा इन्डस्ट्रीज, पम्प इंडस्ट्री के क्षेत्र में एक स्थापित नाम है। इसकी स्थापना 1997 में की गई थी। प्रारंभ से ही कंपनी छोटे, कम बिजली की खपत करने वाले और इको फ्रेंडली उत्पादों के निर्माण से जुड़ी हुई है। वर्ष 2002 में कंपनी द्वारा लाए गए 'लिटिलपम्प' ब्राण्ड के कूलर पम्प ने इस उद्योग जगत में एक नई क्रान्ति ला दी। इस पम्प की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस उद्योग जगत में इण्डोमा इन्डस्ट्रीज को 'क्रान्तिकारी' इन्डस्ट्रीज के नाम से जाना जाने लगा। 'लिटिलपम्प' ब्रांड के पम्प का निर्माण इस कंपनी का एक ऐसा ऐतिहासिक कदम था जिसने पचास साल से ज्यादा पुरानी कूलर इन्डस्ट्री में एक जोश भर दिया। इससे जहाँ एक तरफ उपभोक्ताओं की चिर-प्रतीक्षित इच्छा पूरी हुई, वहीं कूलर उद्योग के डीलर भी बेहद खुश हुए और पुराने जंग लगने वाले पम्पों को हमेशा के लिए विदाई मिल गई।

'लिटिलपम्प' की वैसे तो बहुत विशेषताएं हैं लेकिन इसकी सबसे प्रमुख विशेषता यह है कि यह जंग रहित और जाम रहित इन्जिनियरिंग प्लास्टिक का पम्प है, और दुनियाँ की नवीनतम् स्थायी चुम्बकीय तकनीक से बना है। इसकी बिजली की खपत पुराने पम्पों की अपेक्षा एक तिहाई से भी कम है, जिससे आम आदमी इन्वर्टर पर भी इसे देर तक चला सकता है। यह 160V से कम वोल्टेज पर भी बखूबी काम करता है। यह सालों साल और बिना आवाज चलता रहता है। पानी के बहाव को नियंत्रित करने का रेग्यूलेटर भी इसमें लगा है।

वर्तमान समय में कंपनी के उत्पादों का क्षेत्र अत्यन्त व्यापक हो चुका है। इसके 40 से ज्यादा उत्पाद बाजार में है। यह कूलर पम्प, कूलर से संबंधित अन्य सामान जैसे मोटर, पंखें, फव्वारों के पम्प और फव्वारों से संबंधित अन्य सामान जैसे नॉजल्स, मिस्ट मेकर्स, सबमर्सीबल लाइटस् आदि तथा जल निस्तारण पम्प, एक्वेरियम पम्प, प्रेशर बूस्टर आदि का निर्माण भी कर रही है।

इस कंपनी के सभी उत्पाद जहाँ एक तरफ उच्च क्वालिटी वाले हैं वहीं ये ऊर्जा की पर्याप्त बचत कर रहे हैं। कंपनी हर साल लगभग 30-40 हजार मेगावाट बिजली की बचत कर रही है। कम्पनी के लाखों पम्प आज सब जगह उपयोग मे लाए जा रहे हैं।

कंपनी के उत्पाद आज पूरे भारत में उपलब्ध हैं और 1200 डीलरों तथा 55 डिस्ट्रीब्यूटरों के द्वारा इनकी बिक्री और बिक्री के बाद सर्विस दी जा रही है। कंपनी के उत्पादों का निर्यात इंटरनेशनल मार्केटिंग डिवीजन की देखरेख में किया जा रहा है। ■

■ इण्डोमा इंडस्ट्री की कूलर उद्योग में फिर क्रांति ■ बनाया दुनियाँ का सबसे छोटा कूलर।

मिनी कूलर

इण्डोमा इंडस्ट्री सदैव ही कुछ नया करने में विश्वास रखती है यही कारण है कि इस कंपनी ने सदैव ही इस उद्योग जगत के लिए पथ-प्रदर्शक का काम किया है। 'लिटिलपम्प' की तरह मिनी कूलर भी इण्डोमा इंडस्टी का एक क्रान्तिकारी उत्पाद है। यह दुनियाँ का शायद सबसे छोटा और अत्यन्त आकर्षक पोर्टेबल कूलर है। यह बहुत ही हल्का और सुन्दर है और इसे आसानी से कहीं पर भी ले जाया जा सकता है। यह स्पेशल सीएफएम पैड से युक्त है जिसके कारण वर्तमान कूलरों की अपेक्षा इसकी कूलिंग क्षमता कई गुना अधिक है।

इसकी प्रमुख विशेषताएँ

•वजन मात्र 7 किलो •मात्र 50 वॉट बिजली की खपत यानि लगभग 18 पैसे प्रति घंटे से भी कम का खर्चा। •इन्वर्टर से भी ज्यादा देर चलने में सक्षम •आसानी से एक जगह से दूसरी जगह ले जाने में सुविधाजनक •मजबूत और टिकाऊ स्टील बॉडी •रस्ट रिजिस्टेंट और आकर्षक पाउडर कोटिंग पेन्ट से युक्त •बहुत कम पानी की खपत •विशेष डिजाइन जिससे पानी का छींटा भी बाहर न आए •टेबल पर रखकर काम करने में बेहद उपयोगी •हवा के बहाव का 3 speed नियंत्रण •हवा की दिशा घुमाव के लिए अनोखी रोटेटिंग ग्रिल। ■

'अनोखा' पम्प

अनोखा पम्प इण्डोमा इन्डस्ट्रीज का बिल्कुल नया उत्पाद है। इसका मूल्य बाजार में उपलब्ध अन्य उत्पादों के समान ही है। इस उत्पाद का निर्माण बाजार में चल रहे सस्ते पम्पों से सफल प्रतिस्पर्धा के लिए किया गया है। इसका दाम तो अन्य पम्पों के समान ही है लेकिन इसकी मजबूती और गुणवत्ता सबसे अच्छी है। 'लिटिलपम्प' ब्राण्ड के अन्य पम्पों के समान ही यह पम्प भी इन्जिनियरिंग प्लास्टिक से निर्मित है और इसमें नवीनतमू तकनीक का प्रयोग किया गया है। बाजार से इस पम्प को बहुत सराहा जा रहा है। ■

गैस गीजर

गैस गीजर भी इण्डोमा इंडस्ट्री का नया उत्पाद है। इस आकर्षक गैस गीजर में उत्तम तकनीक का प्रयोग किया गया है। इसके निर्माण में प्रयुक्त होने वाले सभी तत्व बहुत ही उच्च कोटि के हैं। यह पूरी तरह पर्यावरण के अनुकूल है। इसमें बहुत ही कम गैस की खपत होती है। बिजली की अपेक्षा इसमें गैस का खर्च एक तिहाई है। आज दुनियाँ में गैस गीजर बहुत पापुलर होते जा रहे हैं, क्योंकि बिजली गीजर की अपेक्षा एक तिहाई से भी कम खर्चे में इसमें नहाने और अन्य कार्य हेतु गरम पानी लिया जा सकता है। खासकर जहाँ बिजली की कटौती ज्यादा है वहाँ यह गीजर बहुत लोकप्रिय हो रहा है। ■

नए उत्पाद

इलेक्ट्रिक गीजर

इण्डोमा इंडस्ट्री द्वारा इलेक्ट्रिक गीजर के तीन मॉडल 6 लीटर, 15 लीटर और 25 लीटर क्षमता बाजार में उतारे गए हैं। इसमें भी उच्च गुणवत्ता वाले उपकरणों का प्रयोग किया गया है। इस सुन्दर इलेक्ट्रिक गीजर की फिनिशिंग बेहद अच्छी है। सस्ते इन्सूलेशन की अपेक्षा इसमे असली GW इन्सूलेशन का उपयोग किया गया है ताकी उपभोक्ता को बिजली खर्चे मे बहुत राहत मिल सके। हमारे सभी मॉडल हाई प्रेशर टैंक से निर्मित हैं जिससे बहुमंजिली इमारतों के उच्च पानी के दाब को यह बखूबी वहन कर सकें। सभी में चार प्रकार के सेफ्टी डिवाइसेस लगी हैं ताकि किसी प्रकार, का खतरा न हो सके। सबसे बढिया और सालों साल बिना समस्या चलने वाला उच्च कोटि हीटिंग एलिमेंट का इसमें उपयोग किया गया है। ■

डीलर परिचय

सुरेश.के. पुरोहित

न्यू इंडिया इलेक्ट्रिकल्स, जयपुर

इलेक्ट्रिक उपकरणों की बक्री में जयपुर की प्रसिद्ध चमेलीवाला मार्किट मे स्थित न्यू इंडिया इलेक्ट्रिकल्स का प्रमुख स्थान है। यह दुकान 1979 से स्थापित है। कूलर, इलेक्ट्रिकल वायर, पम्प्स, मोटर्स, मोनो-ब्लाक पम्पसेट आदि के थोक सप्लायर हैं। इण्डोमा इण्डस्ट्री के उत्पादों के आप प्रमुख सप्लायर हैं और सबसे पुराने डीलरों में से एक है। इसके व्यवहार कुशल संचालक एस. के पुरोहित जी के कुशल एवं ऊर्जावान नेतृत्व में यह दुकान दिन-प्रतिदिन उन्नति करती चली जा रही है। हम सभी इनके सहयोग के अत्यन्त आभारी हैं। ■

संजय चुघ

चुघ इलेक्ट्रिकल्स, दिल्ली

इलेक्ट्रिक उपकरणों के व्यवसाय में नई दिल्ली की चुघ इलेक्ट्रिकल्स का महत्वपूर्ण स्थान है। दिल्ली के कमला मार्किट में वर्ष 1995 में स्थापित इसका भव्य शौरूम स्थित है। आप कूलर, गीजर, इलेक्ट्रिक मोटर, पम्प्स, फैन एवं अन्य कई छोटे-बड़े इलेक्ट्रिक उपकरणों के थोक सप्लायर हैं। इण्डोमा इण्डस्ट्री के उत्पादों के आप सबसे बड़े डीलर हैं और शुरू से ही कंपनी से जुड़े हुए हैं। संजय चुघ एवं राकेश चुघ के उच्च एवं प्रगतिशील नेतृत्व में यह कंपनी दिन-प्रतिदिन सफलता के नये कीर्तिमान स्थापित करती चली जा रही है। इण्डोमा इंडस्ट्री इनके लगातार सहयोग के लिए अत्यंत आभारी है और आशा करती है कि इनका संबंध कंपनी के साथ और अधिक मजबूत होगा। ■



प्रश्नः *महोदय, जब मैनें आपका कूलर पम्प लिया था तब यह अच्छा चल रहा था लेकिल अचानक इसने पानी देना बन्द कर दिया। हमें क्या करना चाहिए ?*

उत्तरः आप अपने पम्प को चेक करें। पम्प की जाली पर मिट्टी जम जाती है या कोई छोटा कंकड़ इम्पैलर मे फंस जाता है। जिससे ऐसी समस्या आ जाती है। पम्प मे लगी मिट्टी को अच्छे ढंग से साफ कर दें, आप का पम्प पुनः सही ढंग से पानी देने लगेगा।

प्रश्नः *मैंने आपकी कम्पनी का 'लिटिलपम्प' लिया है। शुरु में यह अच्छा पानी दे रहा था लेकिन आजकल यह कम पानी दे रहा है। यह सही ढंग से पानी दे इसके लिए उपाय बताएं ?*

उत्तरः आप अपने पम्प की जाँच करें। हो सकता है कि आपके पम्प में कोई पत्ता फंस गया हो या जाली पर हल्की मात्रा में मिट्टी जम गई हो। उसकी सफाई कर दें, आपका पम्प पुनः पूरा पानी देने लगेगा।

प्रश्नः *मैंने आपका MSP-650 पम्प 5 फुट की ऊंचाई वाले कूलर में लगाया है लेकिन पानी कम दे रहा है। क्या हमें बड़ा पम्प लगाना चाहिए ?*

उत्तरः हमारा MSP-650 मॉडल का पम्प 6 फुट तक की ऊंचाई के कूलर के लिए साधारणतया उपयुक्त है। परन्तु देखा गया है कि लोग 3/4" वाली पाइप की जगह केवल आधे इंच का पाइप प्रयोग में लाते हैं जबकि पम्प की नॉजेल 3/4" पाइप के लिए ही बनी है। इसी कारण पानी की मात्रा केवल एक तिहाई ही रह जाती है। आप केवल 3/4" का पाइप ही उपयोग में लाएं और किसी रिड्यूसर का उपयोग न करें। फिर भी यदि पानी कम हो तो हमें बताएं। ■

Copyright 2008 | INDOMA INDUSTRIES PVT. LTD.318, Patparganj Industrial Area, Delhi-110092Tel.:+91 11 2216 5214-216 Fax:+91 11 2216 5217
contactus@indomaindustries.com, www.indomaindustries.com
Reproduction of any material whether in whole part or whole is prohibited. | Indoma Sandesh is a monthly newsletter from Indoma Industries |
Published by Rajesh Gupta | Edited by Prakash Gupta | Content created by Satya Prakash | concept viadocumentum.com.